उवाच

“ जम्मू-कश्मीर में धारा 370, 35ए को रद्द करने का फैसला एक भूल थी। यदि डीपीएपी सत्ता में आती है, तो पार्टी नौकरी और भूमि अधिकारों को बहाल करने की दिशा में काम करेगी।

-गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	25.0	15.0
मुंबई	29.0	23.0
कोलकाता	28.0	21.0
चेन्नई	29.0	25.0

बैंक खातों पर तालाबंदी कर किया लोकतंत्र पर गहरा आघात : कांग्रेस

- बिहार में पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करने के खिलाफ भाजपा पर बोला हमला

पटना,19 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज करने के मामले में पार्टी नेताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने इनकम टैक्स विभाग की ओर से पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करने के खिलाफ राजधानी पटना में विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान कांग्रेस के नेता ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है और नारेबाजी भी की है। विरोध कर रहे कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने जमकर नारेबाजी की है। इस दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि सड़कों पर उतरकर हम जनता को आह्वान कर रहे हैं कि देश के लिए यह सरकार खराब है। हमारा खाता सील करते हैं और अपना खाता बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रोल बॉन्ड का सहारा लेते हैं। उधर, मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक खातों पर तालाबंदी कर लोकतंत्र पर गहरा आघात किया है। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक खाते तो भाजपा के फ्रिज होने चाहिए, क्योंकि इन्होंने असंवैधानिक कॉर्पोरेट बांड अपने खातों में डाल रखे हैं, जो की सुप्रीम कोर्ट के अनुसार असंवैधानिक हैं। दरअसल, साल 2018-2019 में इनकम टैक्स रिटर्न के मामले में आयकर विभाग ने कांग्रेस से पैनल्टी के तौर पर 210 करोड़ की रिकवरी मांगी है। जिसके कारण बैंक खाते फ्रीज किए गए हैं। इसके बाद कांग्रेस इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल पहुंची थी। आयकर विभाग की तरफ से खातों पर लगाए प्रतिबंधों के मामले में ट्रिब्यूनल की तरफ से कांग्रेस को राहत देते हुए अपीलेट ट्रिब्यूनल ने खातों को डिफ्रीज करने का निर्देश दिया। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि चुनावी वर्ष है।

पार्टी को कई सारे कार्यक्रम करने हैं लेकिन जनता के बीच में पार्टी अपने कार्यक्रम के माध्यम से नहीं पहुंच सके, इसके लिए साजिश के तहत भाजपा और मोदी सरकार ने कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता फ्रीज करा दिया है। राजेश राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को बढ़ावा देने के लिए तुम मुझे चंदा दो, मैं तुम्हें धंधा दूंगा का स्कीम लेकर आई है। नया कानून लाया गया ताकि राजनीतिक पार्टी को चुनावी चंदा कोई भी कितनी बड़ी राशि दे दे, इसकी गोपनीयता रखी जाएगी. जिसका कांग्रेस ने शुरू से विरोध किया था और अब सर्वोच्च न्यायालय ने उस कानून को रद्द कर दिया है। कांग्रेस ने शुरू से इस कानून का विरोध किया था। अब जब न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया है, तो इसके खुन्नस में और कांग्रेस पार्टी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भाजपा ने कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता फ्रीज कर दिया है।

बैंक खाते तो भाजपा के फ्रिज होने चाहिए इन्होंने असंवैधानिक कॉर्पोरेट बांड अपने खातों में डाल रखे हैं : शकील अहमद खान

भारत जोड़ो न्याय यात्रा से भाजपा में बेचैनी

कांग्रेस पार्टी के महिला मोर्चा की नेत्री निधि पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा से भाजपा के अंदर बेचैनी आ गई है। राहुल गांधी को जो जन समर्थन मिल रहा है और युवाओं के मुद्दे को जिस प्रकार राहुल गांधी उठा रहे हैं, उससे बेचैन होकर भाजपा ने कांग्रेस का बैंक खाता फ्रीज करा दिया है। वहीं कांग्रेस के सेवा दल की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष रुचि सिंह ने कहा कि पार्टी का बैंक खाता फ्रीज करके भाजपा कांग्रेस को कमजोर करने की साजिश कर रही है. लेकिन भाजपा जान ले कि कांग्रेस को अंग्रेज कमजोर नहीं कर पाए, तो भाजपा के बूते की बात ही नहीं. पार्टी के बैंक खाते से पार्टी कार्यालय में काम करने वाले लोगों का पेमेंट बनता है और इन सब में दिक्कत आ गई है, आगामी चुनाव में जनता इसका जवाब लेगी।

राज्यसभा चुनाव के लिए ऑफर दे रहे कुमारस्वामी : शिवकुमार

बंगलुरु,19 फरवरी (एजेंसियां)। राज्यसभा की खाली हो रही 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होंगे। इनमें से चार सीट कर्नाटक में हैं। इस बीच, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके पास जानकारी है कि कुमारस्वामी इस चुनाव में कांग्रेस विधायकों के वोट खरीदने की पेशकश कर रहे हैं। शिवकुमार ने बंगलूरू में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि कुमारस्वामी किसे फोन कर रहे हैं। वह क्या बोल हैं और क्या पेशकश कर रहे हैं। हमारे विधायकों ने हमें सारी जानकारी दी है। हम भाजपा की रणनीति से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

पत्रकारों ने उप मुख्यमंत्री से जब पूछा गया कि क्या विपक्षी दल क्रॉस वोटिंग का प्रयास कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि क्या उन्होंने बेवजह उम्मीदवार खड़ा किया है। उन्होंने अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा है।

जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मोदी

नई दिल्ली, 19 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी कश्मीर घाटी में कश्मीर की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान-बारामूला के बीच ट्रेन सेवा को (श्रीनगर स्टेशन से) हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री बनिहाल-खड़ी-सुंबड़-संगलदान सैक्शन (48 किलोमीटर) के बीच नई रेल लाइन और बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान सैक्शन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे। जम्मू-कश्मीर में नागरिक और शहरी बुनियादी ढांचे को बेहतर और उन्नत कर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनिहाल-खड़ी-सुम्बड़-संगलदान (15,863 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 48 किलोमीटर लम्बी रेललाइन) नई रेल लाइन तथा नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान सैक्शन (470.23 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 185.66 किलोमीटर लम्बी रेललाइन) राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

प्रधानमंत्री घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान और बारामूला स्टेशन के बीच (श्रीनगर स्टेशन से) ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

- इलेक्ट्रिक ट्रेन व संगलदान-बारामूला के बीच ट्रेन सेवा को दिखाएंगे हरी झंडी

बंजारा समुदाय के युवाओं को मिले उचित स्थान

- संत सेवालाल व रूप सिंह महाराज की जयंती पर किया संबोधित
- बंजारा समुदाय के उत्थान के लिए संत सेवालाल के दूरदर्शी दृष्टिकोण का किया उल्लेख

नई दिल्ली, 19 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को नई दिल्ली में संत सेवालाल महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संत सेवालाल और रूप सिंह महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर बिरला ने शिवाजी जयंती के अवसर पर छत्रपति शिवाजी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संत सेवालाल के चित्र पर भी पुष्पांजलि भी अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय इतिहास में शिवाजी के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन प्रतिकूल परिस्थितियों में शौर्य और त्याग का अनुपम उदाहरण है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि छत्रपति शिवाजी का जीवन सदियों से भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। संत सेवालाल के जीवन के बारे में बात करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पारंपरिक रूप से खानाबदोश और समाज में सबसे अधिक उपेक्षित समुदायों में शामिल, बंजारा समुदाय के कल्याण के प्रति संत सेवालाल के अथक समर्पण का उल्लेख किया। बंजारा समुदाय के उत्थान के लिए संत सेवालाल के दूरदर्शी दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि उन्होंने अपने अथक प्रयासों से समाज के हाशिए पर रहने वाले इस वर्ग के जीवन को बदलने में मदद की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह भी कहा कि संत सेवालाल आयुर्वेद के साथ-साथ प्राकृतिक चिकित्सा के भी पक्षधर थे, जिससे उन्हें इन चिकित्सा प्रणालियों को लोकप्रिय बनाने में मदद मिली।

साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और विभाजनों को दूर करने के लिए भी प्रयास किए, जिससे बंजारा समुदाय को मुख्यधारा में शामिल करने में बहुत मदद मिली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उन्होंने बंजारों के व्यक्तित्व विकास का भी समर्थन किया ताकि उनकी अद्वितीय सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ ही उन्हें ऐसे मिथकों और अंधविश्वासों से छुटकारा दिलाया जा सके।

छत्रपति शिवाजी का जीवन सदियों से भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है : ओम बिरला

अतीत की सामाजिक विभाजन की नीतियों को किया जाना चाहिए दूर

लोकसभा अध्यक्ष ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बंजारा समुदाय के योगदान के बारे में बात करते हुए उन कठिनाइयों का उल्लेख किया जिसका सामना इस समुदाय के लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किया। यह टिप्पणी करते हुए कि पूरे देश में मौजूद बंजारा समुदाय की संस्कृति साझा है और खानपान, भाषा और विरासत एक समान है। बिरला ने जोर दिया कि अतीत की सामाजिक विभाजन और भेदभाव की नीतियों को दूर किया जाना चाहिए और समाज का कायाकल्प किया जाना चाहिए ताकि बंजारा समुदाय के युवाओं की आशाएं और आकांक्षाएं पूरी हों व उन्हें विकसित भारत में अपना उचित स्थान मिले। इस अवसर पर विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और संसद सदस्य, डॉ. उमेश जाधव उपस्थित रहे।

पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

Piramal Finance

[illegible]

सांकेतिक कब्जा पर नई ई-नीलामी बिक्री सूचना, ई-नीलामी तिथि : 28-03-2024, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक

[illegible]

क्र. सं.	[illegible]	[illegible]	सम्पत्ति पता-अचल	सुरक्षित मूल्य	[illegible]	बकाया राशि (31 12 2023)
1.	ऋण कोड सं. 00001642 / रायपुर [illegible]	तिथि : 16-08-2018 रु. 30,19,21,295/- [illegible]	[illegible]	रु. 11,21,40,000/- [illegible]	रु. 1,12,14,000/- [illegible]	रु. [illegible]

अनुलग्नक-II

न्यू स्वागत विहार फेज-2 से बंधक रखे जाने वाले अनबिके बंगलोज की सूची

क्र. सं.	फेज	श्रेणी	फ्लैट नंबर	फ्लैट का प्रकार (जैसे कि 1, 2, 3 बीएचके इत्यादि)	बिके / अनबिके / बंधक	निर्मित क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिक्री योग्य क्षेत्रफल	दर प्रति वर्ग फुट	मूल्य
1	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 1	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
2	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 2	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
3	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 3	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
4	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 4	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
5	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 5		अनबिके	1539	1500	1000	1500000
6	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 6	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
7	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 7	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
8	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 8	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
9	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 9		अनबिके	1539	1500	1000	1500000
10	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 10	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
11	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 12	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
12	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 25	3	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
13	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 26	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
14	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 29	3	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
15	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 30	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
16	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 31	4	अनबिके	1539	1500	1000	1500000
17	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 22	3	अनबिके	1539.456	1500	1000	1500000
18	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 23	3	अनबिके	1539.456	1500	1000	1500000
19	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 24	3	अनबिके	1539.456	1500	1000	1500000
20	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एन 28	4	अनबिके	1539.456	1500	1000	1500000
21	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एम 6	5	अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
22	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एम 7	5	अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
23	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एम 8	5	अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
24	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एम 9	5	अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
25	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एम 32		अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
26	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एम 33		अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
27	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एम 34		अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
28	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एम 35		अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
29	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एम 36		अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
30	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 41	5	अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
31	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 42	5	अनबिके	2568.5	2400	1000	2400000
32	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 3	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
33	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 4	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
34	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 5	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
35	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 8	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
36	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 9	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
37	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 12	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
38	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 14	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
39	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 32	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
40	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 33	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
41	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 50	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
42	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 51	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
43	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 52	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
44	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 64	1	अनबिके	642	1200	1000	1200000
45	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 68	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
46	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 86	2	अनबिके	642	1200	1000	1200000
47	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 88	3	अनबिके	1579	1936	1000	1936000
48	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 89	3	अनबिके	1134	1201	1000	1201000
49	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 90	3	अनबिके	1134	1212	1000	1212000
50	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	पी 91	3	अनबिके	1134	1227	1000	1227000
51	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	के 6		अनबिके	2520	3200	1000	3200000
52	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	के 8		अनबिके	2520	3573	1000	3573000
53	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	के 9		अनबिके	2976	4503	1000	4503000
54	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	के 10		अनबिके	2976	4320	1000	4320000
55	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	के 26		अनबिके	2321	3200	1000	3200000
56	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	के 27		अनबिके	3161	3777	1000	3777000
57	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एल 1		अनबिके	2487	4000	1000	4000000
58	फेज-2	ड्यूप्लेक्स	एल 18		अनबिके	4172	5600	1000	5600000

ई-नीलामी की तिथि : 28-03-2024, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ)

बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 27-03-2024, अप. 4.00 बजे से पूर्व

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया www.piramalfinance.com/e-Auction.html में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें अथवा हमसे piramal.auction@piramal.com पर ई-मेल भेजें।

कर्जदार/गारंटर/बंधककर्ता को सरफासी ऐक्ट के तहत बिक्री के संबंध में 30 दिन का कानूनी नोटिस

[illegible]

दिनांक : 20-02-2024
स्थान : रायपुर

हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐण्ड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

OMKARA
ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.

ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड

[illegible]

परिशिष्ट – 4-क,
नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ("सरफासी ऐक्ट") के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

[illegible]

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधककर्ता(ओं) का नाम	प्रतिभूत आस्ति का विवरण	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	सुरक्षित मूल्य	[illegible]	ईएमडी	निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	23 08 2021	28 06 2023	रु. 38,00,000/- [illegible]	रु. 25,000/-	रु. 3,80,000/- [illegible]	04-03-2024 [illegible]

[illegible] आईएफएससी कोड : ICIC0000555

[illegible]

http://www.bankeauction.com [illegible]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के तहत बिक्री हेतु कानूनी नोटिस

[illegible]

हस्ता./-
तिथि : 20-02-2024
स्थान : रायपुर, छत्तीसगढ़

प्राधिकृत अधिकारी, ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
[illegible]